

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

मंगलवार 02 जून 2026 बर्ष 02 अंक 145 पृष्ठ 4

www.keshavtv24.com

Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जीवन में कभी भी संघर्ष से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि संघर्ष ही जीवन का सार है, इसके बिना कोई भी सफलता संभव नहीं है।

## प्रधानमंत्री के मन की बात में बिहार का विशेष उल्लेख गर्व का विषय : सम्राट चौधरी



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट 'पटना।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को हुआ। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना और प्रधानमंत्री द्वारा बिहार के विशेष उल्लेख पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की विविध सांस्कृतिक विशेषताओं, परंपराओं और उपलब्धियों को मन की बात के माध्यम से देशवासियों के सामने लाते हैं तथा उन्हें प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उत्पादों और जनजीवन से जुड़े विषयों का उल्लेख किया जाना राज्य के लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से बचाव के लिए बिहार के पारंपरिक एवं पौष्टिक पेय सत्तू तथा राज्य के प्रसिद्ध जर्दालु आम का प्रधानमंत्री द्वारा उल्लेख किया जाना बिहार की विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करता है। इससे राज्य के स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलेगी और किसानों तथा उद्यमियों का उत्साहवर्धन होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह उल्लेख बिहार के किसानों, उद्यमियों और आम नागरिकों की मेहनत का सम्मान है। इससे राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और स्थानीय उत्पादों को देश–विदेश में नई पहचान प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि बिहार अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर, कृषि उत्पादों और लोक परंपराओं के माध्यम से देश की समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है और आगे भी देता रहेगा।

## नूरसराय में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 1001 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड स्थित दहपर हाई स्कूल परिसर में सोमवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें क्षेत्रभर के श्रद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। मगड़ा स्थित श्री शीतला माता मंदिर से सुबह 6 बजे निकली मंगल कलश यात्रा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। 1001 माताओं एवं बहनों ने सिर पर कलश धारण कर कथा स्थल तक पदयात्रा की। यात्रा के दौरान भक्ति गीतों, शंखध्वनि और जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। वृंदावन से पधारे कथा व्यास श्याम शुभम महाराज ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के आध्यात्मिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक संदेशों से अवगत कराया जाएगा। आयोजन में सहयोग कर रहे चौर बिगहा निवासी एवं परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक अरविंद कुमार सिन्हा ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज और क्षेत्रवासियों का सामूहिक आयोजन है। उन्होंने कहा कि दहपर गांव सहित पूरे नूरसराय प्रखंड के लोग इस ज्ञान यज्ञ में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभा रहे हैं। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था एवं संचालन ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है, जबकि उनकी भूमिका केवल सहयोग की है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस धार्मिक महायज्ञ को अपना आयोजन मानकर इसमें बढ़–चढ़कर भाग लेने और सहयोग करने की अपील की। सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत 8 जून को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है।





## नालंदा में 2 जून से शुरू होगा विशेष चापाकल मरम्मत अभियान, 15 जून तक सभी खराब चापाकलों को दुरुस्त करने का लक्ष्य



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट की संभावनाओं को देखते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के कार्यों की समीक्षा की। सोमवार को आयोजित बैठक में पीएचईडी प्रमंडल बिहारशरीफ एवं हिलसा के कार्यपालक अभियंताओं के साथ चापाकलों की मरम्मत, खराब चापाकलों को हटाने तथा पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि पीएचईडी प्रमंडल बिहारशरीफ के अंतर्गत कुल 14,297 चापाकल स्थापित हैं। इनमें 1,434 चापाकल आंशिक रूप से खराब पाए गए हैं, जबकि 113 चापाकल पूरी तरह खराब हो चुके हैं। अब तक 829 चापाकलों की मरम्मत की जा चुकी है तथा 605 चापाकलों की मरम्मत शेष है। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में दो–दो मरम्मत दल तैनात किए गए हैं। वहीं, पीएचईडी प्रमंडल हिलसा के अंतर्गत कुल 9,624 चापाकल स्थापित हैं। इनमें 1,444 चापाकल मरम्मत योग्य तथा 212 चापाकल पूरी तरह खराब पाए गए हैं। अब तक 902 चापाकलों की मरम्मत पूरी की जा चुकी है, जबकि 542 चापाकलों की मरम्मत शेष है। हिलसा, एकंगरसराय, चंडी एवं इस्लामपुर प्रखंडों में दो–दो तथा करायपरसुराय, नगरनौसा, थरथरी एवं परवलपुर में एक–एक मरम्मत दल लगाया गया है। जिलाधिकारी ने दोनों प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि सभी पंचायतों और वार्डों में सर्वे कर आंशिक रूप से खराब एवं पूरी तरह खराब चापाकलों का अद्यतन आंकड़ा तैयार करें। साथ ही विशेष अभियान चलाकर सभी खराब चापाकलों की मरम्मत तथा पूरी तरह खराब चापाकलों को उखाड़कर सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि 2 जून 2026 से पूरे जिले में षविशेष चापाकल मरम्मत अभियानॽ शुरू किया जाए और विभाग द्वारा निर्धारित समयसीमा 15 जून 2026 तक सभी खराब चापाकलों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाए। जिन प्रखंडों में 12 से अधिक पंचायतें हैं, वहां पांच–पांच मरम्मत दल तथा अन्य प्रखंडों में तीन–तीन मरम्मत दल तैनात किए जाएंगे।बैठक में बताया गया कि पेयजल एवं चापाकल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का टोल फ्री नंबर 1800–123–1121 चौबीसों घंटे कार्यरत है। इसके अतिरिक्त बिहारशरीफ प्रमंडल के लिए दूरभाष संख्या 06112–230071 तथा हिलसा प्रमंडल के लिए 06111–291501 पर सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। बिहारशरीफ प्रमंडल के लिए मोबाइल नंबर 8544428565 एवं ई–मेल eephed-biharsharif@gmail-com] जबकि हिलसा प्रमंडल के लिए मोबाइल नंबर 8544428564 एवं ई–मेल eephedhilsa222@yahoo-com पर भी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि टोल फ्री नंबर और कंट्रोल रूम में प्राप्त सभी शिकायतों का त्वरित एवं शत–प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पंचायत कर्मियों, विकास मित्रों एवं पंचायत कार्यपालक सहायकों के सहयोग से खराब चापाकलों की सूची तैयार कर 15 जून से पहले सभी मरम्मत योग्य चापाकलों को दुरुस्त करने और पूरी तरह खराब चापाकलों को सुरक्षित रूप से हटाने की कार्रवाई पूरी की जाए। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।







# जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर डीएम का जोर 2 जून को सभी प्रखंडों में लगेगा सहयोग शिविर




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी, नालंदा की अध्यक्षता में जिला ,अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी /गैर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । समीक्षा के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि निर्वाचन से संबंधित एस आई आर में चिन्हित मृत व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड के डेटाबेस से हटाने हेतु कुल 29742 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 9700 आवेदन सही पाए गए, 20042 आवेदन रद्द करने योग्य पाये गये। जिसे शत–प्रतिशत डे. टाबेस से डिलीट कर दिया गया है । जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित पदाधिक. ारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिले भर के छोटी–छोटी नदियों से गाद उड़ाही, नहरों की गाद उड़ाही,आहार /पईन पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाने,जमींदारी बांध सुदृढीकरण करने का कार्य हर हाल में सुनिश्चित करेंगे । निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिहार सरकार के सात निश्चय 3 के अधीन ष्सबका सम्मान जीवन आसानष के लक्ष्य को दृष्टिगत में रखते हुए प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में आम लोगों के शिकायत निष्पादन हेतु निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहकर सम्मान पूर्वक शिकायतकर्ता से मिलने तथा उसकी शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनकर त्वरित निराकरण करने एवं उसके प्रबंधन के संबंध में सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।आम नागरिकों को सीधे अपनी समस्या, शिकायतें और सुझाव रखने का अवसर प्रदान करने और उसके निदान हेतु प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर का आयोजन सुनिश्चित करेंगे। जिले भर के सभी प्रखंडों में दिनांक 02 जून 2026 को सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा । संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निष्पादन हर हाल में सुनिश्चित करेंगे ताकि सहयोग शिविर में शिकायतकर्ता को सूचित किया जा सके । आवेदन कर्ता सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 एवं सहयोग पोर्टल sahyog-bihar-gov-in पर आवेदन कर सकते हैं। जन शिकायतों को सुलभ तरीके से प्राप्तकराने/करने तथा उनके प्रभावी निवारण के उद्देश्य से वर्तमान व्यवस्था के अतिरिक्त प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर का आयोजन हेतु प्रखंडवार / पंचायतवार रोस्टर निर्धारित किया गया है । जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभाग पंचायतवार आवेदनों का निष्पादन करते हुए सहयोग शिविर में समाधान हर हाल में सुनिश्चित करेंगे । जिलांतर्गत प्रत्येक सप्ताह के सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी क्षेत्रीय कार्यालय / विभागों / अनुमण्डल/प्रखण्ड/ थाना/पंचायत में आयोजित होने वाले सेवा समाधान कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जा रहा है या नहीं, सभी क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यालय प्रधान इसकी नियमित समीक्षा करेंगे तथा हर हाल में जिले के सभी क्षेत्रीय कार्यालय में सेवा संवाद समाधान कार्यकम का आयोजन सुनिश्चित करेंगे। सेवा संवाद समाधान कार्यक्रम के दौरान सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी आम लोंगों से सम्मानपूर्वक मिलेंगे तथा उनकी समस्याओं को सुनेंगे तथा तत्क्षण गुणवर्त्तापूर्ण निष्पादन / समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी अपने–अपने कार्यालय में कार्यालय के लिये निर्धारित नियत समयावधि के दौरान अपने–अपने कार्यालय कक्ष में बैठेंगे एवं आम लोगों से सम्मानपूर्वक मिलेंगे तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित विभाग के पदाधिकारी/ सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी / थानाध्यक्ष के माध्यम से उनसे संबंद्ध जनहित के कार्यों यथा–जन्म, मृत्यु, जाति, आय, जन शिकायत, भूमि विवाद, भूमि की नापी, प्राथमिकी, दाखिल खारिज, परिमार्जन, सभी प्रकार के पेंशन, अनुदान एवं अन्य कार्यों को प्राथमि. कता के आधार पर निस्तारण एवं लंबित मामले को नियमित समीक्षा करेंगे। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिलेभर में गणना का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित करेंगे । सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि डेली मॉनिटरिंग के तहत अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन, एक्स–रे आदि को शत प्रतिशत क्रियाशील रखेंगे, किसी प्रकार की खराब मशीन को तुरंत मरम्मती कर क्रियाशील करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि स्वस्थ सुविधा को बेहतर बनाना है,मरीजों का कारण बताकर रेफर करने का लिस्ट भेजेंगे , स्टोर पंजी अपडेट करना सुनिश्चित करेंगें । निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का लाभ आसानी से उपलब्ध कराएं , जिले भर में सोलर सिस्टम को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा कर इसका लाभ प्रदान करेंगे । निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मलमास मेला 2026 के अवसर पर प्रतिनियुक्त सभी संबंधित पदाधिकारी अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का ससमय निर्वहन सुनिश्चित करेंगे । इसमें किसी प्रकार की अनुपस्थिति , कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश देते हुए कहा कि जिले भर में खराब चापाकलों की मरम्मती हर हाल में सुनिश्चित करेंगे । जिला सामाजिक सुरक्षा, कोषांग, नालन्दा के अंतर्गत चलाये जा रहे योजनाओं कबीर अन्तेष्ठी अनुदान योजना,राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना,मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना,मुख्यमंत्री अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना,मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत लंबित मामलों को त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करेंगे । निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सीडब्लूजेसी, एमजेसी, सीपीग्राम ,मानवा. धिकार सीएम डैशबोर्ड आदि के लंबित मामलों का निष्पादन ससमय हर हाल में करना सुनिश्चित करेंगे। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, पेंशनधारियों की मृत्यु/ डुप्लीकेशन को चिन्हित कर डिलीशन करने का भी निर्देश दिया गया । इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी,सभी अनुमंडल पदाधिक. ारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नजारत शाखा उपसमाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता, आईटी मैनेजर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आईसीडीएस, के पदाधिकारी गण, संबंधित कार्यपालक अभियंता, सहित प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी गण आदि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थें।

# आर्थिक आधार पर पूरे देश में लागू हो आरक्षण - कृपानिधान तिवारी अखिल भारतीय विचार मंथन में जुटे ब्राह्मण समाज के लोग



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद, सामाजिक चेतना मंच और संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति की एक दिवसीय अखिल भारतीय विचार मंथन शिविर राजगीर के झुनकिया मंदिर धर्मशाला में हुई। मंच के राष्ट्रीय संरक्षक कृपा. निधान तिवारी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि सबों को एक होकर समिति के विकास के बारे में सोच पैदा करनी होगी। इस बैठक में देशभर के अधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्य लोग आये। इसमें मुख्य रूप से छः मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। श्री तिवारी ने कहा कि आरक्षण आर्थिक आधार पर पूरे देश में लागू होना चाहिए। पूरे देश में स्वर्ण आयोग का गठन होना चाहिए। समान नागरिक संहिता पूरे देश में लागू हो। भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस(अक्षय तृतीया) पर पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश हो। भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा श्री राम जन्मभूमि अयोध्या मंदिर के पास बनाया जाय। इन मांगों के प्रतिवेदन को प्रधानमंत्री को विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय और भारत के विभिन्न राज्यों के माननीय उच्च न्यायालय के साथ प्रमुख अधिकारियों को भेजें। इन मांगों का प्रस्ताव पारित किया गया। पंडा कमेटी राजगीर के प्रवक्ता और अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री सुधीर कुमार उपाध्याय ने कहा कि हम लोगों की सारी मांगे जायज है और भारत सरकार को हमारी मांगें माननी चाहिए। इसके लिए हम सब एकजुट होकर काम करें। सबों को साथ होकर आवाज उठानी होगी। अखिल भारतीय ब्राह्मण संयुक्त संघर्ष समिति के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अर्जुन पांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भृगु रघुनंदन पांडे, राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार दुबे, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दादन मिश्र, बिहार राज्य के संयोजक मृत्युंजय गोपाल, सीलम झा, पंडित दयाशंकर मिश्र, श्रीकांत शर्मा, जदयू नेता आशुतोष कुमार पांडे, लव कुश पांडे, राजेंद्र मिश्रा, केवल कुमार अवस्थी, शशि कान्त पाठक, प्रशांत कुमार उपाध्याय, जयराम पांडे, श्रीधर पांडे के साथ सैंकड़ों लोग शामिल थे। बैठक के बाद समिति के लोगों ने स्वामी चिदात्मन जी महाराज उर्फ फलाहारी बाबा से मिलकर आर्शीवाद पाया।

# कृषि विज्ञान केंद्र में मशरूम उत्पादन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण 2 जून से होगा शुरू, इच्छुक लोग प्रशिक्षण में ले सकते हैं भाग

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार के गोनावा रोड में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर पान दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 2 जून से किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मशरूम की वैज्ञानिक खेती उत्पादन तकनीकी तथा प्रसंस्करण की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र के गृह वैज्ञानिक डॉक्टर ज्योति सिन्हा ने बताया कि मशरूम उत्पादन कृषि आधारित व्यवसाय का एक बेहतर विकल्प है इसे कम जगह और कम लागत में आसानी से शुरू किया जा सकता है जिससे किसानों और युवाओं को अतिरिक्त आय अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उत्पादन की बारीकियां के साथ–साथ मूल्य वर्धन एवं प्रसंस्करण के विभिन्न प्रकार के तरीकों की सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी भी दी जाएगी। इच्छुक किसान, महिला समूह एवं युवा और उद्यमी इस प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं।





# दाहाघाट के पास से लूटी गयी टेम्पु व मोबाइल बरामद, सात लूटेरे गिरफ्तार

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** अनुमंडल क्षेत्र के बेन थाना अंतर्गत पैक्स गोदाम दाहाघाट के पास 22 मई की रात में हुए लूट की घटना में शामिल अपराधियों को पुलिस ने धर दबोचा है। डीएसपी ने बताया कि खुदागंज थाना के बौरी निवासी निरंजन कुमार ने 23 मई को थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 22 मई को 12 बजे रात में कोल्हुआ दाहाघाट के पास चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर सीएनजी टेम्पु, दो मोबाइल छीन लिया था। चारों अपराधी मोटरबाइक पर सवार थे। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर इसकी जांच शुरू की। लूटे गये टेम्पु, मोबाइल व घटना में प्रयोग किये गये मो. टरबाइक के साथ जहानाबाद के घोषी थाना क्षेत्र के गुलगुलिया मखदुमपुर निवासी धर्मेन्द्र चौधरी का पुत्रद प्रभात रंजन, गया खिजरसराय थाना क्षेत्र के ललीयारी निवासी भागवत यादव का पुत्र भूषण उर्फ भोला, गया के सरवहदा थाना क्षेत्र के चन्दाचक निवासी विरेन्द्र यादव का पुत्र राहुल कुमार, गया सरवहदा थाना क्षेत्र के बलुवा खंधा निवासी अशोक प्रसाद का पुत्र नीतीश कुमार,



जहानाबाद टेहटा थाना क्षेत्र के धीरा बिगहा निवासी जमींदर यादव का पुत्र नीतीश कुमार, जहानाबाद टेहटा थाना क्षेत्र के देवकुली निवासी अवधेश प्रसाद का पुत्र सचित कुमार को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये सभी लोगों ने घटना की पुष्टि की। इस अभियान में पुनि संजय कुमार, पुनि आलोक कुमार, पुअनि चंदन कुमार, पुअनि दुर्गेश कुमार, पुअनि अनोज कुमार, पुअनि रविराज सिंह, पुअनि संजीव कुमार, सअनि रंजन कुमार सिंह के साथ अन्य जवान शामिल थे।

# त्रिवेणी धाम नदी में डूबने से अधेड़ की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

## मछली पकड़ने के दौरान हुआ हादसा, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट गिरियक (नालंदा)।** गिरियक थाना क्षेत्र के चा. `रसुआ गांव में सोमवार को उस समय चीख–पुकार और मातम का माहौल छा गया, जब गांव के समीप स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थल त्रिवेणी धाम नदी में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान चोरसुआ गांव निवासी 56 वर्षीय सुरेश पंडित के रूप में की गई है। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेश पंडित सोमवार को रोज की तरह त्रिवेणी धाम के समीप बहने वाली नदी में मछली पकड़ने गए थे। इसी दौरान वे पानी की गहराई का सही अनुमान नहीं लगा सके। अचानक पैर फिसल जाने के कारण वे तेज बहाव वाले गहरे पानी में चले गए। पानी का दबाव और गहराई अधिक होने के कारण वे स्वयं को संभाल नहीं सके और देखते ही देखते नदी में डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही चोरसुआ गांव में सनसनी फैल गई। सैकड़ों ग्रामीण एवं परिजन रोते–बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए नदी में उतरकर काफी मशक्कत और खोजबीन के बाद सुरेश पंडित के शव को गहरे पानी से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही चोरसुआ पंचायत के मुखिया चंदन कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और तत्काल पावापुरी ओपी पुलिस



को घटना की सूचना दी।सूचना मिलते ही पावापुरी ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। पंचनामा तैयार करने के बाद शव को पा. `स्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर (मॉडल) अस्पताल भेज दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, सुरेश पंडित परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। वे राजमिस्त्री का कार्य कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे। उनकी असामयिक मृत्यु के बाद पत्नी केशरी देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, सदमे में वे बार–बार बेहोश हो जा रही हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बेटियों और एक पुत्र को छोड़ गए हैं। परिवार के मुखिया के निधन के बाद अब पूरे परिवार के सामने आजी. विका और बच्चों के भविष्य की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। स्थानीय मुखिया एवं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के तहत मिलने वाली चार लाख रुपये की सरकारी सहायता राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि परिवार को इस कठिन समय में कुछ राहत मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी सहायता प्रदान करने की भी मांग की है।

# पीजी इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने राजगीर मलमास मेले में बिखरा प्रतिभा का रंग, छात्रों को किया गया सम्मानित




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** राजकीय मलमास मेला राजगीर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हरनौत बाजार के गोनावा रोड में स्थित पीजी इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया है। संस्कृति कार्यक्रम में छात्राओं ने आकर्षक नृत्य से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान पीजी इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर कमलेश कुमार भी मौजूद थे। कमलेश कुमार ने सोमवार को बताया कि स्कूल के छात्रा सोनी कुमारी, अंशिका कुमारी, आराध्या कुमारी, अनुप्रिया कुमारी, चांदनी, मानसी, आर्य ने सिया के जन्म भावे जीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्राओं की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा और तालियां की गड़गड़ाहट से उसका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सभी छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान स्कूल के डांसर टीचर विनीत कुमार भी मौजूद थे।






# देवशरण वीमेन्स ईवनिंग कॉलेज, सोहसराय में नव–निर्वाचित सचिव इन्द्रभूषण कुमार का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित




**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** देवशरण वीमेन्स ईवनिंग कॉलेज, सोहसराय (नालंदा) के प्रांगण में सोमवार को महाविद्यालय शासी निकाय के नव–निर्वाचित सचिव श्री इन्द्रभूषण कुमार के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महाविद्यालय परिवार के शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नव–निर्वाचित सचिव का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय देवशरण प्रसाद एवं पूर्व सचिव स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने श्री इन्द्रभूषण कुमार को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं फूल–मालाएं भेंट कर सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जबकि संगीत शिक्षक श्री मनोज कुमार के नेतृत्व में छात्राओं ने स्वागत–गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। अपने संबोधन में नव–निर्वाचित सचिव श्री इन्द्रभूषण कुमार ने अपनी निर्वाचन का श्रेय बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को देते हुए उन्हें धन्यवाद एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार महाविद्यालय ने पूर्व में शिक्षा एवं अनुशासन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रमुख उद्देश्य छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे उच्च पदों पर पहुंचकर अपने माता–पिता, महाविद्यालय, जिले और राज्य का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने छात्राओं से मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ अध्ययन करने का आह्वान करते हुए कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महाविद्यालय की छात्राएं अपनी प्रतिभा और सेवा के माध्यम से समाज को नई दिशा दें। सचिव महोदय ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वे महाविद्यालय, शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्रहित में पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की स्थापित गरिमा और शैक्षणिक परंपराओं को नवाचार के साथ आगे बढ़ाया जाएगा तथा सभी को मिलकर संस्थान के विकास में योगदान देना होगा।प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुशीला कुमारी ने सचिव महोदय का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय निरंतर प्रगति करेगा। शिक्षक प्रतिनिधि संजय कुमार, वरिष्ठ शिक्षक अवधेश प्रसाद सिंह एवं प्रो. जे.पी. वर्मा ने कहा कि नए सचिव की दूरदर्शी सोच एवं नेतृत्व क्षमता से महाविद्यालय जिले के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी पहचान और मजबूत करेगा। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. संजय कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिवार को नए सचिव से अनेक सकारात्मक अपेक्षाएं हैं और उनके नेतृत्व में संस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर प्रो. अवधेश प्रसाद, प्रो. रविन्द्र कुमार, प्रो. अजय कुमार, प्रो. नवल किशोर प्रसाद, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. सूरज भट्ट, कुमारी कंचन सिन्हा, प्रो. मधुमिता, प्रो. रीता सिन्हा, प्रो. विजय कृष्ण, प्रो. वीणा कुमारी, प्रो. मो. शहनाज, प्रो. चन्दन कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# नालंदा जिले के 1800 से अधिक बूथों पर सुना गया प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' का 134वां संस्करण



**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया अत्यंत प्रेरणादायक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात के संबोधन में बिहार के सत्तू और जर्दालू आम की विशेषता पर चर्चा करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पी एम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि इससे बिहार के किसानों एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। रविवार को प्रसारित हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए बिहार के सत्तू एवं जर्दालू आम की विशेष रूप से चर्चा करते हुए लोगों को भीषण गर्मी से बचने के लिए कई उपाय बताए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के अनुसार जो स्वंय भी नालंदा विधानसभा के एक बूथ पर लोगों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए उन्होंने बताया कि इस बार नालंदा जिला में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता का पी एम मोदी के मन की बात सुनने के लिए विशेष रूचि और उत्साह देखने को मिला, भाजपा के रिपोर्ट के अनुसार जिलेभर में 1800 से अधिक बूथों पर इस मासिक कार्यक्रम को सुना गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री जनता से सीधे जुड़कर संवाद करते हैं। देश और समाज के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान करने वाले गुमनाम समाजसेवियों को देश और दुनिया के सामने लाकर उसकी चर्चा करते हैं, जिससे देशवासियों को देश और समाज के लिए सकारात्मक योगदान हेतू प्रेरणा मिलती है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने नालंदा जिला के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं को आभार जताया जिन्होंने इस कार्यक्रम को अपने अपने बूथों पर संपन्न कराने में योगदान दिया। बिहार शरीफ के बबुरबन्ना मुहल्ले के बूथ संख्या 156 पर जिला मंत्री अमरेश कुमार ने नगर अध्यक्ष संदीप कुमार, शक्ति केन्द्र प्रमुख सुनील कुमार, बूथ अध्यक्ष राजदीप कुमार, सुरेन्द्र शर्मा, शारदानंद मिश्रा ,राजकमल पासवान के साथ बैठकर सुना। जिला मंत्री अमरेश कुमार ने बताया कि पी एम मोदी द्वारा मन की बात का संबोधन एक अभिभावक के तौर पर कुछ अच्छा करने के लिए प्रेरित करने वाला होता है। सभी देशवासियों को इस कार्यक्रम को अवश्य सुनना चाहिए । भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार , जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार,डॉ आशुतोष कुमार, सुधीर कुमार, तेजस्विता राधा, साबो देवी, नीरज कुमार डब्ल्यू , शिवशंकर दास, जिला मंत्री अमरेश कुमार, योगेंद्र मंडल, रंजू कुमारी , राजू माहुरी, कंचन चंद्रवंशी , जिला पदाधिकारियों सहित जिलेभर के सभी मंडल अध्यक्षों, आई टी सेल संयोजक अमित शान, सोनू कुमार हिंदू, शक्ति केन्द्र प्रमुखों , बूथ अध्यक्षों सहित कई कार्यकर्ताओं ने बढ़–चढ़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
आवेदन के लिए संपर्क करें
& OTHER COURSES
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)

BP
Shri Sai
Mob:- 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

हरि ॐ बाबा
ॐ
मो0-9162439318
माँ भगवती ज्योतिष केन्द्र एवं तंत्र, मंत्र, यंत्र संस्थान
हस्तरेखा, कुण्डली, रत्नपरामर्श, ग्रह शांती
उपाय वास्तु परामर्श हेतु सम्पर्क करें
मिलने का समय - सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे
नोट- यहाँ कुत्ता, सांप, बिच्छा, बिछौती, जौंडिस, छुतहरा भी झाड़ा जाता है।
स्थान- श्री सती स्थान गोलापर, मथुरिया महल्ला, बिहार शरीफ (नालन्दा)